भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2051 का उत्तर

सुगौली स्टेशन तक पार्सल सेवा बहाल करना

2051. श्री सुनील कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 13021 मिथिला एक्सप्रेस द्वारा पहले सुगौली तक पार्सल पहुँचाए जाते थे;

(ख) यदि हाँ, तो क्या अब पार्सल केवल हावड़ा से मोतिहारी तक ही पहुँचाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वाल्मीकिनगर लोक सभा क्षेत्र के व्यापारियों को मिथिला एक्सप्रेस के माध्यम से हावड़ा से बड़ी मात्रा में माल का आयात होता था और अब सुगौली तक सेवा बंद होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो क्या सरकार का सुगौली स्टेशन पर पार्सल सेवा बहाल करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): पार्सल यातायात संभालने के लिए किसी स्टेशन को खोलने और बंद करने का निर्णय क्षेत्रीय रेलों द्वारा यातायात संभाव्यता और परिचालनिक व्यवहार्यता के आधार पर लिया जाता है। सुगौली स्टेशन पर पार्सल संभलाई को पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 24.10.2024 से बंद कर दिया गया था। बहरहाल, सुगौली स्टेशन के पास मोतिहारी और रक्सौल स्टेशन से गाड़ी सं. 13021 मिथिला एक्सप्रेस द्वारा हावड़ा से पार्सल बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय रेलों को हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा गया है और यह कि यदि व्यवहार्य हो, तो सुगौली में पार्सल कार्यालय को पुनः खोलने पर विचार करें।

****